अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अख़बार

कहीं आप भी तो नहीं खा रहे नकली गगन पान मसाला? बरेली में धरा गया कारोबारी

बरेली, अमृत विचार: कानपुर के ग्रीन वर्थस इंटरप्राइजेज के निदेशक अनिल कुमार गुप्ता ने सौ फुटा रोड पर गगन पान मसाला ब्रांड का नकली माल बेचते हुए एक व्यक्ति को पकड़ लिया।

मेगा ड्रीम होम, इज्जतनगर निवासी अनिल कुमार ने आरोपी के खिलाफ थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनिल ने बताया कि सौ फुटा रोड, डेलापीर निवासी ज्ञान प्रकाश नकली गगन मसाला बेचते पकड़ा है।

उसके कब्जे से नकली पान मसाला बरामद हुआ है। उसके कब्जे से बरामद मोबाइल में पान मसाले की बिक्री का भी हिसाब है।

Source: https://www.amritvichar.com/article/535429/are-you-also-eating-fake-gagan-pan-masala--businessman-arrested-in-bareilly#gsc.tab=0